**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस–विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में 09 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक–26.09.2021**

दिनांक 25/26–09–2021 को रात्रि थाना सरोजनीनगर 04, सआदतगंज 03, गुडम्बा 02 अभियुक्त गिरफ्तार। **इस प्रकार वांछित में कुल 09 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**डी0सी0पी0 दक्षिणी**

**अवैध शराब के साथ गिरफ्तार**

**थाना गोसाईगंजः**–दिनांक 25–09–2021 को एस0आई0 श्री सुबोध कुमार भारद्वाज थाना गोसाईगंज द्वारा अभियुक्त 01–विरजू पुत्र नन्हू निवासी सदरपुर करोरा कस्बा व थाना गोसाईगंज लखनऊ 02–सरवन पुत्र चुन्नी लाल निवासी सदरपुर करोरा कस्बा व थाना गोसाईगंज लखनऊ 03–टिक्कू पुत्र नन्हू निवासी सदरपुर करोरा कस्बा व थाना गोसाईगंज लखनऊ को मोहल्ला सदरपुर करोरा, गोसाईगंज से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से कुल 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना गोसाईगंज पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**डी0सी0पी0 दक्षिणी**

**अभियुक्त गिरफ्तार**

**थाना काकोरीः**–दिनांक 26–09–2021 को थाना काकोरी द्वारा बताया गया कि दिनांक 25–09–2021 को वादिनी उम्र करीब 15 वर्ष निवासी काकोरी थाना काकोरी लखनऊ ने थाना काकोरी पर अपने सम्बन्ध में धारा 354/354डी/323/504/506 भा0द0वि0 व 7/8 पाक्सो एक्ट को अभियोग बनाम अजीत के विरूद्व पंजीकृत कराया गया था, जिसकी विवेचना एस0आई0 श्री अवधेश कुमार शुक्ला थाना काकोरी द्वारा की जा रही है। आज दिनांक 26–09–2021 को विवेचना के दौरान एस0आई0 श्री अवधेश कुमार शुक्ला थाना काकोरी द्वारा उपरोक्त मुकदमें के नामजद अभियुक्त 01–अजीत पुत्र अनिल निवासी बरावन खुर्द थाना काकोरी लखनऊ को मुखबिर की सूचना पर मछलीमण्डी के पास दुबग्गा, काकोरी से गिरफ्तार कर थाना काकोरी पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**भा0द0वि0**

**थाना विकासनगरः**–दिनांक 26–09–2021 को थाना विकासनगर द्वारा बताया गया कि वादी श्री बल बहादुर पुत्र स्व0 वीर बहादुर निवासी 350/119 नंदाखेड़ा थाना बाजारखाला लखनऊ ने थाना विकासनगर पर सूचना दिया कि वादी का भतीजा ऋषि सिंह पुत्र धरम सिंह उर्फ कच्छू निवासी 350/119 नंदाखेड़ा थाना बाजारखाला लखनऊ जो टेड़ी पुलिया पर स्थित महाबली किचन में काम करने आया था। दिनांक 25/26–09–2021 को विवाद के दौरान लकी नामक लड़के के द्वारा वादी के भजीते ऋषी सिंह की चाकू मार दिया, जिससे वादी के भतीजे की मृत्यु हो गयी। इस सूचना पर थाना विकासनगर पर मु0अ0सं0 194/2021 धारा 302 भादवि का अभियोग बनाम महाबली किचन में काम करने वाला लकी नाम का लड़का के विरूद्व पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना विकासनगर द्वारा बताया गया कि समय करीब 12.00 बजे रात्रि दिव्यांश पैलेस के महाबली किचन में कर्मचारी अपने लिए खाना बना रहे थे कि ऋषि थापा उम्र 24 वर्ष की पैलेस के पड़ोस में ही रहने वाले लकी रावत' जो पेशे से पेंटर है के बीच कहासुनी हो गयी, कहासुनी में ही लकी रावत ने किचन के चाकू से ऋषि थापा पर वार कर दिया, जिसे इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया जंहा पर डॉक्टरों ने ऋषि थापा को मृत घोषित किया।